Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to provide flight connectivity to Khujraho airport.

श्री विष्णु दत्त शर्मा (खजुराहो): माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र खजुराहो हेरिटेज सिटी है । माननीय प्रधानमंत्री जी ने 17 आइकॉनिक सिटीज़ में से एक खजुराहो का चयन किया है । खजुराहो में विश्व स्तर से टूरिस्ट्स आते हैं । जो डोमेस्टिक टूरिस्ट्स हैं, वे भी इस समय बड़े पैमाने पर आकर्षित हो रहे हैं । माननीय उड्डयन मंत्री जी ने अक्टूबर महीने में फ्लाइट कनेक्टिविटी के लिए घोषणा की थी । मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि वहाँ फ्लाइट की कनेक्टिविटी नहीं होने के कारण टूरिज्म बहुत प्रभावित हो रहा है । इसके अलावा, वहाँ कई प्रकार के फिल्म फेस्टिवल्स और अन्य चीजें भी प्रभावित हो रही हैं ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहता हूँ कि खजुराहो को फ्लाइट कनेक्टिविटी की सुविधा दी जाए । यदि वहाँ के लिए जल्दी से जल्दी फ्लाइट कनेक्टिविटी मिलेगी तो डोमेस्टिक एवं बाहर के टूरिस्ट्स आने के लिए आकर्षित होंगे । मैं आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहता हूँ कि अगर खजुराहो में फ्लाइट कनेक्टिविटी जल्दी से जल्दी शुरू हो तो अच्छा होगा ।